

# टीआई बोले : होटल-लॉज में रूकने वालों का रखा जाए संपूर्ण रिकॉर्ड



- एसपी के निर्देशन में निर्भया रक्षा शक्ति वाहन सक्रिय
- कर रहे हैं नियमित गश्त-निगरानी

**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में 17 जून को थाना शहर में स्थानीय सभी होटल और लॉज संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी नीट परीक्षा के दृष्टिगत शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से सभी होटल एवं लॉज संचालकों को अवगत कराया गया। संचालकों को निर्देशित किया कि उनके प्रतिष्ठानों में प्रतिदिन ठहरने वाले सभी व्यक्तियों का संपूर्ण विवरण निर्धारित प्रपत्र के अनुसार तैयार कर अनिवार्य रूप से स्थानीय थाने में उपलब्ध कराया जाए।

साथ ही सभी संचालकों को होटल एवं लॉज में ठहरने वाले व्यक्तियों का आवश्यक रिकॉर्ड संधारित करने, शासन के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया।

### छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष फोकस

वहीं दूसरी ओर जिले में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में शहर पुलिस द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत निर्भया रक्षा शक्ति वाहन के माध्यम से महिला पुलिस बल द्वारा शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित गश्त एवं निगरानी की जा रही है।

महिला पुलिस टीम द्वारा शहर के प्रमुख स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों एवं अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों बाजार एवं बस स्टैंड पर लगातार गश्त की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं छात्राओं के मन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना तथा मनचले एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश स्थापित करना है।

### गोपनीय रखी जाएगी पहचान

निर्भया रक्षा शक्ति वाहन की उपलब्धता से किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि किसी भी महिला या छात्रा को राह चलते कोई परेशान करता है या असुरक्षा महसूस होती है, तो वे निडर होकर पुलिस से सम्पर्क करें। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# अधिक मास खत्म, फिर गूंज उठी शहनाइयां

**बड़वानी, ( नवभारत )।** अधिक मास में एक माह तक शुभ और मांगलिक कार्यक्रमों में पूरी तरह से ब्रेक लग गया था। अब गुरुवार से अधिक मास समाप्त हो गया तो फिर से जिले में शहनाइयां गूंजेगी, मुंडन, कनछेदन, व्रतबंध, गृह प्रवेश सहित अन्य शुभ कार्य लगभग एक माह के लिए फिर से प्रारंभ हो जाएंगे।

जानकारी अनुसार 12 जुलाई तक कुल 18 शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद 25 जुलाई देवशयनी एकादशी से चातुर्मास लग जाएंगे, जिसके बाद चार माह तक कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होंगे। जून व जुलाई में फिर से शुभ मुहूर्त होने पर वैवाहिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गए हैं। इसके साथ बाजार में भी रौनक देखने मिल रही है। लोग बाजार में खरीदारी के साथ ही मांगलिक कायक्रमों की तैयारी में जुट गए हैं। मैरिज गार्डन, डीजे, टेंट, बैंड, घोड़ी, हलवाइयों की बुकिंग लोगों ने पूर्व से ही कर ली थी। आज से लेकर आगामी 12 जुलाई तक शहर में फिर से शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी।



### जून में 11 और जुलाई में 7 शुभ मुहुर्त

पं. पंकज जोशी के अनुसार गुरुवार को अधिकमास समाप्त होने के बाद आज से विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य के लिए शुभ मुहूर्त हैं। जून में 11 और जुलाई में कुल 7 शुभू मुहूर्त मांगलिक कार्यक्रमों के लिए हैं। इसमें जून माह में 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29 जून तक शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद जुलाई माह में 1, 2 6, 7, 8, 11, 12 जुलाई तक मांगलिक कार्यक्रम होंगे।

### बाजार में चहल पहल

इस बार फिर शुभ मुहुर्त और वैवाहिक कार्यक्रम को लेकर बाजार में एक बार फिर से चहल पहल दिखने लगी है। वैवाहिक कार्यक्रमों को लेकर सराफा, कपड़ा, टेंट, केटरिंग, विवाह घरों में रौनक देखने को मिल रही है। इसके साथ ही लोग वाहन खरीदी, गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्य को लेकर तैयारी में जुट गए हैं।

### चातुर्मास में फिर लगेगा चार माह का ब्रेक

आगामी 25 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ हो रहा हैं। इसके साथ ही आगामी चार माह के लिए मांगलिक कार्यक्रमों में फिर से ब्रेक लग जाएगा। पं. नवीन शर्मा ने बताया कि चातुर्मास में भगवान विष्णु शयन के लिए चले जाएंगे। इस दौरान भगवान शिव देवता होंगे और उन्हीं की पूजा-अर्चना होगी। विवाह, मुंडन, कनछेदन सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रम पूरी तरह से वर्जित रहेंगे। चार माह बाद देवउठनी एकादशी के साथ ही फिर से विवाह आदि शुभ मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे।

# पुलिस ने किया अंधे कत्ल का पर्दाफाश

**सिलावद/बड़वानी ( नवभारत )।** सोशल मीडिया पर रावण ग्रुप बनाकर इलाके में दहशत फैलाने वाले गैंग का खौफनाक चेहरा सामने आया है। एक युवक के एक्सीडेंट के बाद अपनी पोल खुलने के डर से आरोपियों ने उसकी बेरहमी से हत्या कर दी और शव को पेड़ पर लटकाकर इसे खुदकुशी का रूप दे दिया, लेकिन सिलावद पुलिस ने ऑपरेशन हवालात के तहत इस अंधी हत्या का ऐसा पर्दाफाश किया कि हत्यारे अब सीधे जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं।



घटना 7 मई 2026 की है, जब गंगाराम बारेला का शव ग्राम केली में पलाश के पेड़ पर लटका मिला था। शुरुआत में इसे सुसाइड माना जा रहा था, लेकिन एक छोटे से सुराग ने पूरे केस को पलट दिया। मृतक के पास सफेद गमछा था, लेकिन लाश लाल गमछे से लटकी मिली। परिजनों के शक के बाद पुलिस ने कड़ियां जोड़ी, तो यह मामला सोची-समझी हत्या का निकला। पुलिस ने तुरंत भारतीय न्याय संहिता ( बीएनएस ) के तहत कत्ल का मुकदमा दर्ज किया।

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में साइबर सेल ने मोबाइल सीडीआर और तकनीकी साक्ष्य खंगाले, तो फरार आरोपियों की लोकेशन और साजिश बेनकाब हो गई। 18 जून 2026 को थाना प्रभारी रामकृष्ण लौवंशी की टीम ने घेराबंदी कर रावण ग्रुप के 3 और मुख्य आरोपियों बलिया 52, राका उर्फ राकेश 19 और निरेश 21 को दबोच लिया। पुछताछ में खुलासा हुआ कि यह गैंग व्हाट्सएप और सोशल मीडिया पर एक्टिव है। कहीं भी विवाद होने पर यह ग्रुप हथियारों के साथ इकट्ठा होकर खून-खराबा करने और दादागिरी चमकाने का काम करता था। मुख्य आरोपी राजू व 4 नाबालिग पहले ही पकड़े जा चुके हैं। पुलिस की इस बड़ी कामयाबी से इलाके के अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# शिविर में हितग्राहियों को बांटे लाभ



**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल की अध्यक्षता में ग्राम पाटी में जनकल्याण ाशावर का आयोजन हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का एक ही छत के नीचे निराकरण कर सीधे हितग्राहियों को लाभान्वित करना था।

फोटो - 05

शिविर में ग्रामीणों का भारी उत्साह देखा गया, जहां कई विभागों से संबंधित 174 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से सजगतापूर्वक कार्रवाई करते हुए 134 आवेदनों को मौके पर ही स्वीकृत कर दिया गया, जबकि शेष 40 आवदनों को लंबित रखते हुए उनके त्वरित निराकरण किया जाएगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष लंबित आवेदनों का भी समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

## एक नजर में

### आधार पंजीयन के लिए 30 तक कर सकेंगे आवेदन

आलीराजपुर। कलेक्टर कार्यालय (जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी) ने आधार पंजीयन कार्य के लिए इच्छुक आवेदकों से 30 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-100 में शाम 5 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। आवेदक का 12वीं उत्तीर्ण, एनएसईआईटी प्रमाणपत्रधारी, पुलिस सत्यापित एवं स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी जिला वेबसाइट अथवा कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### भारत में लॉन्च हुई ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमेन सी

इंदौर. ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमेन सी को आज भारत में लॉन्च कर दिया गया है. लेटेस्ट जनरेशन की यह कंट्रीमैन अब मेड इन इंडिया होगी और इसे बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय स्तर पर केवल पेट्रोल वेरिएंट में तैयार किया जाएगा. इस कार की बुकिंग सभी मिनी इंडिया ऑथराइज्ड डीलरशिप पर शुरू हो चुकी है और इसकी डिलीवरी भी तुरंत प्रभाव से शुरू कर दी जाएगी. बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने कहा ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमेन सी निश्चित रूप से एक नए प्रकार का बड़ा रूप है. यह मिनी के पुराने लुक को खूबसूरती से एक शानदार एसयूवी में बदलता है, जो अपने दमदार लुक और पारिवारिक सफर के लिए तैयार किए गए अत्यधिक व्यावहारिक केबिन के साथ आती है और यह सब हमारी आइकॉनिक गो-कार्ट अहसास को पूरी तरह बरकरार रखते हुए किया गया है.

### ईस्ट पॉइंट इंजीनियरिंग के छात्रों का अभिनव समाधान

इंदौर. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को स्वास्थ्य और वेलनेस के साथ जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, बेंगलुरु स्थित ईस्ट पॉइंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (ईपीसीईटी) के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने एआई-पावर्ड न्यूट्रिशन सिस्टम फॉर एन्हांस्ड डाइटरी मॉनिटरिंग एंड हेल्थ प्रमोशन नामक एक अभिनव समाधान विकसित किया है. इस प्रणाली का उद्देश्य लोगों को अधिक स्वस्थ और जानकारीपूर्ण आहार संबंधी निर्णय लेने में सहायता प्रदान करना है. यह परियोजना छात्रों अंशुमान कुमार, आशीरबाद साई, इंदरबीर सिंह और वैष्णवी वी द्वारा कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की प्रमुख डॉ. मणिमोझी अय्यर के मार्गदर्शन में विकसित की गई है. डॉ. मणिमोझी अय्यर ने कहा यह परियोजना दर्शाती है कि एआई और कंप्यूटर विज़न जैसी तकनीकों का उपयोग स्वास्थ्य और वेलनेस संबंधी चुनौतियों के समाधान के लिए किस प्रकार किया जा सकता है.

### पीबी पार्टनर्स के पीओएसपी एडवाईजर बढ़ा रहे जागरूकता

इंदौर. देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। लू भारतीय परिवारों के लिए गंभीर खतरा बन गई है. लंबे समय तक तेज गर्मी में रहने से डिहाईड्रेशन, गर्मी की वजह से कमजोरी, हीटस्ट्रोक और अन्य समस्याएं हो सकती हैं, जिनकी वजह से हैल्थकेयर का खर्च अचानक बढ़ सकता है .इसके कारण घरेलू खर्च बढ़ जाते हैं और परिवारों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ जाता है। इसलिए इस स्थिति के लिए पहले से तैयार रहना जरूरी होता है. टियर 2, टियर 3 शहरों और भारत के अन्य छोटे शहरों में पीबीपार्टनर्स का पीओएसपी (पॉईंट ऑफ सेल पर्सन) एडवाईजर्स का नेटवर्क हेल्थ इंश्योरेंस और फाईनेंशियल तैयारी के बारे में जागरुकता बढ़ा रहा है.

### फोर्स मोटर्स ने रोल-आउट किया मर्सिडीज-बेंज का 2 लाख वां इंजन

इंदौर. फोर्स मोटर्स लिमिटेड ने आज पुणे के चाकण स्थित अपने अत्याधुनिक इंजन निर्माण संयंत्र से मर्सिडीज-बेंज के 2,00,000वें (2 लाखवें) इंजन के रोल-आउट की घोषणा की है, जो मर्सिडीज-बेंज के साथ इसकी विनिर्माण साझेदारी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. इंजन निर्माण में दोनों कंपनियों का साथ वर्ष 1997 से है, जो अब एक व्यापक साझेदारी में बदल चुका है. फोर्स मोटर्स के प्रबंध निदेशक प्रसन फिरोदिया और मर्सिडीज-बेंज के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इस उपलब्धि का जश्न मनाया गया. समारोह में मर्सिडीज-बेंज ग्रुप एजी के बोर्ड सदस्य डॉ. योर्ग बुर्जर (चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट), मैथियास गाइसेन (सेल्स एंड कंस्टमर एक्सपीरियंस) और माइकल शीबे (प्रोडक्शन, क्वॉलिटी एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट) सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे.

# पलायन के बाद लगे विशेष शिविर में पहुंचे गिनती के लोग

- प्रचार नहीं होने और पूर्व के अनुभव से लोगों ने बनाई शिविर से दूरी



**पारा।** कलेक्टर झाबुआ के निर्देश पर जिले भर में विशेष जनकल्याण शिविर लगाए गए। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगे इन शिविरों में गिनती के ही लोग देखे गए। इसका कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों से लोग मजदूरी के लिए थोक बंद पलायन कर चुके थे। अब सवाल उठता है कि क्या ऐसे में जनकल्याण शिविर सफल हो पाएगा।

जानकारी अनुसार जिला प्रशासन के निर्देश से रामा ब्लॉक की कलस्टर ग्राम पंचायत पारा में तीन दिवसीय विशेष जनकल्याण शिविर बालक हायर सेकंडरी स्कूल परिसर पर लगा। इन तीन दिनों में समस्याओं से संबंधित पीएचई के 11, पंचायत के 74, महिला बाल विकास के 29, पशु पालन के 22, राजस्व विभाग के 2, स्वास्थ विभाग के 2 व विद्युत विभाग को 1 आवेदन प्राप्त हुआ है। इस प्रकार कुल 141 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एक भी आवेदन का निराकरण मोके पर नहीं किया गया। विशेष जनकल्याण शिविर में तीन दिन में जहां कलेक्टर सहित पूरे जिले के विभिन्न विभागों के आला अधिकारी थे, किन्तु समस्याओं से जूझ रहे पारा क्षेत्र के नागरिकों के पास इस प्रकार के शिविर लगने की जानकारी पर्याप्त प्रचार प्रसार के आभाव मेंनहीं पहुंचीं। वहीं जिन लोगों को इस शिविर की सूचना थीं उन लोगों ने अपने पूर्व के लोक कल्याण और जन कल्याण शिविर के अनुभव का लाभ लेते हुए इस पर ध्यान नहीं दिया। वहीं किसान आगामी दिनों में आने वाली बारिश को लेकर अपने खेतों को सुधार ने और खाद बीज दवाई की खरीदने में लगा है। उसके पास इतना समय नहीं है कि वह इन शिविरों में जाकर अपना कीमती समय नष्ट करे। आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए लगाए जा रहे विशेष जन कल्याण शिविर ग्रामीणजनों के पलायन और पर्याप्त प्रचार प्रसार के अभाव में सफेद हाथी साबित होता जा रहा है। शिविर में दिये गए आवेदन का निराकरण कब होगा या सिर्फ कागज का पुलिंदा बन कर रहेगा। ऐसे कई किसान हैं जो हर शिविर में आवेदन दे चुके हैं, लेकिन हल नहीं हुए।

# टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस का सार्वजनिक निर्गम आज खुलेगा

इंदौर. टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके इक्विटी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बोली/ऑफर 19 जून को खुलेगा. इस ऑफर का प्राइस बैंड 144 से 152 रुपए प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है. निवेशक न्यूनतम 98 इक्विटी शेयरों तथा उसके बाद 98-98 शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं. एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया 18 जून 2026, गुरुवार को आयोजित होगी। यह बोली/ऑफर 19 जून 2026, शुक्रवार को खुलेगा और 23 जून 2026, मंगलवार को बंद होगा. कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है. इस ऑफर के लिए एनएसई को नामित स्टॉक एक्सचेंज बनाया गया है. आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड तथा मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड इस निर्गम के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं.

## प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी ने आईऐसीटी कॉलेज से पार्टनरशिप की

इंदौर. प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी इंदौर ने आईऐसी टी कॉलेज, मलेशिया के साथ एक कोलैबोरेशन की घोषणा की है, जिससे अंडरग्रेजुएट स्टूडेंट्स को डिजिटल कंटेंट क्रिएशन, स्टोरीटेलिंग, मीडिया प्रैक्टिस और कंटेंपररी कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी में एक हफ़्ते के इंटरनेशनल इमर्शन में हिस्सा लेने के मौके मिलेंगे. साझेदारी के बारे में प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी इंदौर के कुलपति प्रोफेसर केयूर पुरानी ने कहा युवा पीढ़ी कंटेंट बनाने को दो तरह से देख रही है; कम्युनिकेशन और प्रोफेशनल सफलता के लिए एक ज़रूरी स्किल के तौर पर, और कई लोगों के लिए, अपने आप में एक सही करियर का रास्ता. यूनिवर्सिटीज़ को कंटेंट को सिर्फ़ मार्केटिंग एक्टिविटी मानने से आगे बढ़कर, स्टूडेंट्स को यह समझने में मदद करनी चाहिए कि डिजिटल दुनिया में आइडिया कैसे बनाए जाते हैं, बताए जाते हैं और बढ़ाए जाते हैं.

## एमेजॉन ने 'एमेजॉन नाउ' के विस्तार को किया तेज

इंदौर. आज एमेज़ॉन ने 100 से अधिक स्पेशियलाईज़्ड अर्बन फुलफिलमेंट सेंटर्स लॉन्च करने की घोषणा की. यह एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जिसके अंतर्गत एमेज़ॉन नाउ पर मौजूदा हजारों जरूरी वस्तुओं के मुकाबले चार गुना ज्यादा सलेक्शन उपलब्ध हो सकेगा.

## 20 को रात 8 बजे एयर रेड और ब्लैकआउट मॉक ड्रिल

**आलीराजपुर** । मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 20 जून को रात्रि 8 बजे जिले में एयर रेड (हवाई हमला) एवं ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस दौरान सायरन बजाया जाएगा तथा कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद रखी जा सकती है।

अपर कलेक्टर सोहन कनास ने बताया कि यह केवल आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा एवं बचाव व्यवस्थाओं की तैयारियों का परीक्षण करने हेतु अभ्यास है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें, घबराएं नहीं तथा मॉक ड्रिल के दौरान प्रशासन का सहयोग करते हुए संयम बनाए रखें।

## एक नजर में

विशेष पखवाड़े के तहत जनपद पंचायत आलीराजपुर और ग्राम बोरी में लगा जनकल्याण शिविर

# जनकल्याण शिविर में 600 आवेदन, हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ वितरित

**आलीराजपुर।** पर्यावरण दिवस से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक चल रहे विशेष पखवाड़े के तहत जनपद पंचायत आलीराजपुर एवं ग्राम बोरी में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष हजरीबाई खरत मुख्य अतिथि और कलेक्टर नीतू माथुर अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहीं।




कलेक्टर माथुर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि जिलेभर में आयोजित शिविरों में अब तक लगभग 50 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों का विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित करने, नैतिक शिक्षा देने तथा नशे से दूर रहने की अपील की।

कलेक्टर ने नागरिकों से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में अपने सुझाव शासन को भेजने का आग्रह करते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर में सुधार का प्रयास लगातार जारी है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे तथा किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की।

शिविर में मत्स्य, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, लाड़ली लक्ष्मी एवं आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों के पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। स्वयं सहायता समूहों को 50 लाख रुपये के चेक भी प्रदान किए गए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग 600 आवेदन प्राप्त हुए।

# खेल परिसर प्रवेश के लिए टेलेंट सर्च आयोजित

**आलीराजपुर**, 18 जून। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा सत्र 2026-27 के लिए जिले के खेल परिसर में जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु टेलेंट सर्च आयोजित किया गया। सहायक आयुक्त ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन खेल विधा, स्वीकृत सीटों, शारीरिक परीक्षण एवं बैटरी टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। चयन मिनी (11-14 वर्ष), जूनियर (14-16 वर्ष) और सीनियर (16-18 वर्ष) आयु वर्ग में किया जाएगा। उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण एवं अवसर उपलब्ध कराना है।